Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:38 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 7:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 176 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 4 जनवरी 2025

ये जवानी है दीवानी' ने 11 साल...पेज-3 पर

## दिल्ली में कोहरे से 100 से अधिक उड़ानें रद्द, कई ट्रेनें हुईं लेट

नई दिल्ली
एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर में शनिवार की सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ है। कुछ इलाकों में घने कोहरे के कारण दृश्यता घटकर शून्य हो गई है। दिल्ली में घने कोहरे की वजह से कई ट्रेनें और उड़ाने रद्द हो गई हैं। राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में शनिवार सुबह घना कोहरा छाया हुआ है। कोहरे की वजह से यातायात पूरी तरह से प्रभावित हुआ है। विमान और ट्रेन के मुसाफिरों पर कोहरे का कहर पड़ रही है। बीते शुक्रवार को सड़कों पर वाहन रेंगते हुए नजर आए। कोहरे के कारण नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं और





शहर में शीतलहर का प्रकोप जारी है। ठंड की ठिठुरन के साथ घने कोहरे ने की दोहरा मार यात्रियों पर पड़ रही है। शुक्रवार को अभी तक का सबसे ज्यादा कोहरा देखने को मिला। इससे दृश्यता शून्य तक पहुंच गई। इस वजह से विमान और रेल सेवा बुरी तरह प्रभावित हुई। रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की चाल थम गई। वहीं दिल्ली एयरपोर्ट पर विमानों की आवाजाही भी प्रभावित हुई। इससे यात्रियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेनों की बिगड़ी समय सारणी की वजह से शनिवार को भी ट्रेनों की चाल थमी रहेगी। इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से शुक्रवार को संचालित होने वाली 100 से ज्यादा विमान देरी का शिकार हुईं। रनवे पर दृश्यता घटने की वजह से लो विजिबिलिटी प्रोसीजर लागू कर विमानों की आवाजाही कराई गई। इससे अन्य विमानों के संचालन में देरी हुई और यात्रियों को एयरपोर्ट के टर्मिनल पर विमानों के इंतजार में परेशान होना पड़ा। उधर रेलवे ट्रैक पर चलने वाली उत्तर भारत की 150 से अधिक ट्रेन देरी का शिकार हुईं। इसमें दिल्ली पहुंचने वाली 41 से अधिक ट्रेन परिवर्तित समय से रवाना की गई। देरी से चलने वाली ट्रेन में मुख्य रूप से महाबोधी एक्सप्रेस दो घंटे से अधिक, नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ सात घंटे से अधिक, पूरबिया एक्सप्रेस 4 घंटे से अधिक, विक्रमशिला 3 घंटे से अधिक देरी से संचालित हुई। इसी तरह महाकौशल, गोमती, अमृतभारत, हावड़ा राजधानी, सियालदाह राजधानी, वंदे भारत, कैफियात, मगध, कानपुर शताब्दी, भी देरी से चली। उत्तर भारत में चलने वाली ट्रेन के साथ ही दक्षिण भारत की तरफ आवाजाही करने वाली लंबी दूरी की ट्रेन भी कोहरे की गिरफ्त में आ रही है। इनमें कर्नाटक एक्सप्रेस, केरल एक्सप्रेस समेत कई ट्रेन शामिल है। आज शनिवार को भी घना कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। आज सुबह सात बजे से आईजीआई एयरपोर्ट पर बहुत घने कोहरे में सामान्य दृश्यता शून्य मीटर बनी हुई है।

### News कॉर्नर

#### चुनावी रंजिश को लेकर दो सभासद प्रत्याशी भिड़े, जमकर हुआ पथराव, पुलिस बल तैनात



**रुड़की।** एक निर्दलीय सभासद प्रत्याशी के पर्चे पर आपत्ति लगाई गई थी, जो निरस्त हो गई और चुनाव चिह्न जारी हो गया। गांव पहुंचने पर दो पक्षों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। रुड़की के पिरान कलियर में नगर पंचायत से जुड़े क्षेत्र महमूदपुर में शुक्रवार को चुनावी रंजिश को लेकर दो सभासद प्रत्याशी आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों के खूब लाठियां चलीं। वहीं, बात पथराव तक पहुंच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत किया। झगड़े में तीन लोगों के घायल होने की सूचना हैं। वहीं गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। बताया जा रहा है कि एक निर्दलीय सभासद प्रत्याशी के पर्चे पर आपत्ति लगाई गई थी, जो निरस्त हो गई और चुनाव चिह्न जारी हो गया। गांव पहुंचने पर दो पक्षों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ा और पथराव हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात पर किसी तरह काबू पाया।

चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर उकलाना में बड़ा हादसा

## धुंध की वजह से तीन वाहन भिड़े चार की हुई मौत, कई लोग दबे

नई दिल्ली/हरियाणा
एजेंसी

हिसार में हुए हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ लोग ट्रक के नीचे दबे होने की आशंका जताई जा रही है।

हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर उकलाना के सूरेवाला चौक के पास घने कोहरे के चलते कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार में पीछे से आई गाड़ी भी टकरा गई। कुछ लोग राहत बचाव के लिए पहुंचे तो पीछे से आया ट्रक लोगों पर चढ़ गया। इसके बाद ट्रक भी पलट गया। हादसे में चार लोगों की मौत बताई जा रही है। कुछ लोग घायल हुए हैं।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 8 बजे उकलाना के सूरेवाला चौक से एक कार चंडीगढ़ की ओर जा रही थी। कार घने कोहरे के कारण नियंत्रण खो बैठा। कार डिवाइडर पर जा टकराई ,जिसके बाद पलट गई। इस कार के पीछे आ रही दूसरी कार का चालक भी ब्रेक नहीं लगा सका। उसकी कार भी हादसाग्रस्त कार में जा टकराई। कारों में फंसे घायल लोगों को बचाने के लिए मौके पर आसपास के लोग पहुंचे।

लोग कार चालकों को निकालने का प्रयास कर रह थे। इस दौरान चंडीगढ़ की ओर से आ रही एक कार ने राहत बचाव के लिए आए लोगों को कुचल दिया। जिसके बाद ट्रक पलट गया। हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत होने की प्राथमिक सूचना है। जिनकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी।जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया गया। वाहनों को दूसरी ओर डायवर्ट किया गया।



### तालाब में जा गिरी कार, चालक की मौत

हिसार के अग्रोहा के पास घने कोहरे के चलते एक कार तालाब में जा गिरी। पानी में डूबने से कार चालक की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कार को निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज भेज दिया जानकारी के अनुसार फतेहाबाद जिले के गांव भोडिया खेड़ा निवासी 53 वर्षीय जीवन राम शुक्रवार रात करीब 11 बजे अपनी आई 20 कार में सवार होकर अपने गांव की ओर जा रहा था। जब गाड़ी गांव सिवानी बोलान के पास पहुंचा तो घने कोहरे के कारण उसे दिखाई नहीं दिया। कार रोड के साथ लगते तालाब में जा गिरी। कार में फंसा रहने तथा पानी में डूबने के कारण जीवन राम की मौत हो गई। देर रात पुलिस को सूचना मिली। जिसके बाद कार को निकाला गया।

### पर्यटकों ने नौका विहार का आनंद लिया



**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में बीते रोज से गुनगुनी धूप खिली रही वहीं शाम को बादल छाने से ठंड में इजाफा हो गया। सुहावने मौसम के बीच दिन में पर्यटकों ने नैनीझील में नौका विहार का जमकर आनंद लिया। इसके अलावा पर्यटकों ने नगर के दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। संभावना जताई जा रही है कि वीकेंड के बाद सोमवार को गुरु गोविन्द सिंह जयंती के अवकाश केचलते इस वार वीकेंड में पर्यटकों की संख्या में और अधिक इजाफा होगा। पर्यटकों की भीड़ भाड की वजह से जहां नगर में रौनक बनी रही।

## सेना की गाड़ी पलटी, चार जवानों की मौत, दो घायल

जम्मू
एजेंसी

बंदीपोरा में सेना का वाहन खाई में गिर गया। हादसे में चार जवानों की मौत हो गई है, जबकि दो घायल हो गए हैं। यह हादसा फिसलन के कारण हुआ।

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में बड़ा हादसा हुआ है। सेना का एक वाहन खाई में गिर गया। हादसे में चार सैनिकों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चल रहा है। जानकारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में शनिवार दोपहर यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि फिसलन के कारण सेना का एक ट्रक पहाड़ी से नीचे खाई में गिर गया। इस हादसे में चार जवानों की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। इनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। यह दुर्घटना बंदीपोरा के सदरकूट पाईन इलाके में हुई जहां सेना का ट्रक फिसलन के कारण खाई में जा गिरा। हादसे के बाद स्थानीय पुलिस और सेना के अन्य जवान राहत कार्य में जुट गए।

## पिथौरागढ़ की चार ग्लेशियर झीलों का होगा सर्वे, अर्ली वार्निंग सिस्टम की दिशा में कार्य

देहरादून
हमारे संवाददाता

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास की अध्यक्षता में बैठक में हुई। जिसमें बताया गया कि ग्लेशियर झीलों के अध्ययन के लिए कई वैज्ञानिक संस्थानों को जो भी सहयोग की जरूरत होगी, वह यूएसडीएमए उपलब्ध कराएगा।

राज्य में पिथौरागढ़ जिले में स्थित श्रेणी-ए की चार झीलों का सर्वे-2025 में करने का लक्ष्य तय किया गया। अभी तक राज्य में चिह्नित 13 ग्लेशियर झील में एक का सर्वे का काम हो चुका है। यह निर्णय सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई बैठक में लिया गया। सुमन ने कहा, राज्य में चिह्नित ग्लेशियर झीलें में पांच श्रेणी-ए में हैं। पिछले साल एक दल ने चमोली जिले के धौली गंगा बेसिन स्थित वसुधारा झील का सर्वे कर लिया है। अब पिथौरागढ़ जिले में स्थित श्रेणी-ए की शेष चार झीलों का सर्वे-2025 में करने का लक्ष्य तय किया गया है। कहा, ग्लेशियर झीलों की निगरानी के लिए कई संस्थानों के साथ मिलकर एक फूलप्रूफ सिस्टम विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। ग्लेशियर झीलों के अध्ययन के लिए कई वैज्ञानिक संस्थानों को जो भी सहयोग की जरूरत होगी, वह यूएसडीएमए उपलब्ध कराएगा। वाडिया हिमालयन भूविज्ञान संस्थान के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. डीपी डोभाल ने कहा, ग्लेशियर झीलों के स्वरूप व प्रकृति का अध्ययन करना जरूरी है।

## प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन: पहुंचेंगे 17 देशों से लोग, सीएम करेंगे शुभारंभ

देहरादून
हमारे संवाददाता

सम्मेलन में उत्तराखंड में निवेश की संभावना, हॉस्पेटिलिटी, वेलनेस, कौशल विकास, विदेश में रोजगार और उच्च शिक्षा के साथ ही उद्यान जड़ी-बूटी में संभावनाओं पर चार सत्रों में गहन मंथन किया जाएगा।

प्रदेश के पहले अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन में 17 देशों में रहने वाले उत्तराखंडी पहुंच रहे हैं। अब तक 50 से अधिक जाने माने प्रवासी उत्तराखंडियों ने सम्मेलन के लिए पंजीकरण कराया है। 12 जनवरी को आयोजित होने वाले एक दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। सम्मेलन में उत्तराखंड में निवेश की संभावना, हॉस्पेटिलिटी, वेलनेस, कौशल



विकास, विदेश में रोजगार और उच्च शिक्षा के साथ ही उद्यान जड़ी-बूटी में संभावनाओं पर चार सत्रों में गहन मंथन किया जाएगा। विदेशों में रहने वाले प्रवासी उत्तराखंडियों को अपनी मिट्टी से जोड़ने की पहल खुद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की। दरअसल, दिसंबर 2023 में आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन से पहले सीएम विदेश दौरे पर गए थे, जहां प्रवासियों ने उनका उत्तराखंड की रीति परंपरा से स्वागत किया। इस दौरान तमाम सफल लोगों की मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई। इसी के बाद सीएम ने ऐसे प्रवासियों के अनुभव का लाभ लेने के लिए शासन में प्रवासी उत्तराखंडी सेल गठित करने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन भी आयोजित करने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में सात नवंबर 2024 को देहरादून में अपने देश के भीतर ही विभिन्न राज्यों में रहने वाले उत्तराखंडियों के बीच ऐसा ही एक सम्मेलन आयोजित किया जा चुका है। सम्मेलन में विदेश में रह रहे अलग-अलग क्षेत्रों में नाम कमाने वाले कई प्रवासी उत्तराखंडी शामिल हो रहे हैं। इसमें प्रवासी भारतीय सम्मान प्राप्त दुबई के गिरीश चंद्र पंत के अलावा चीन से देव रतूड़ी, अमेरिका से डॉ. अनीता शर्मा, जापान से भुवन तिवारी, सिंगापुर से सुनील थपलियाल, मीनाक्षी डबराल, थाईलैंड से डॉ. एके काला आदि हैं।

# प्रत्याशियों को किए चुनाव चिन्हों का आवंटन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2025 के तहत शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष पद के 6 प्रत्याशियों समेत नगर के 15 वार्डो के सभासद पद के 76 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया गया।

यह जानकारी रिटर्निंग आफिसर/संयुक्त मजिस्ट्रेट वरु णा अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि जीवंती भट्ट (भाजपा प्रत्याशी)को कमल, सरस्वती खेतवाल (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस प्रत्याशी) को हाथ,लीला बोरा (उक्रांद प्रत्याशी) को कप प्लेट के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी दीपा मिश्रा को बाल्टी,ममता जोशी को अल्मारी तथा संध्या शर्मा को घंटी चुनाव चिन्हन का आवंटन किया गया। इसी क्रम में वार्ड संख्या एक स्टाफ हाउस में निर्दलीय गंगा सागर को गुडिया,रमेश प्रसाद को घंटी, रोहित कुमार (चाम्बा) को बाल्टी, रोहित कुमार को मोमबत्ती, सागर आर्या को केतली चुनाव चिन्ह का आबंटन किया गया। वार्ड संख्या दो शेर का डाडा में प्रदीप कुमार आर्य (भाजपा) को कमल, निर्दलीय अनुराग चंद्र को बाल्टी, अंकित चंद्रा को घंटी, नीरज कुमार (निक्कू) को टार्च तथा सुरेश चंद्र को



गुडिया चुनाव चिह्न का आवंटन किया गया। इसी क्रम में वार्ड संख्या तीन राजभवन में निर्दलीय काजल आर्या को गैस का चुल्हा तथा निर्मला को गैस सिलेंडर चुनाव चिन्ह्न मिला। इसी क्रम में वार्ड संख्या चार हरिनगर वार्ड में साक्षी (भाजपा) को कमल, निर्दलीय अंजलि आर्या को नारियल, काजल चौधरी को मोमबत्ती, तारा आर्या को बंगला तथा रेखा देवी को गैस सिलेडर, विशाखा पवार को गैस का चूल्हा तथा शीतल धीरज कटियार को केतली चुनाव चिन्ह्न दिया गया।

इसी क्रम में स्नोव्यू वार्ड संख्या पांच के लिए तारा राणा (भाजपा) कमल, निर्दलीय जीतेंद्र कुमार पांडे को बाल्टी, पुष्कर बोरा को गुब्बारा तथा प्रकाश पाण्डेय को गुडिया चुनाव चिन्ह्न आवंटित किया गया। वार्ड संख्या 6 नारायणनगर वार्ड में भगवत सिंह रावत (भाजपा) को कमल, निर्दलीय अतुल कुमार को गुडिया, गोविन्द सिंह बिष्ट को घंटी, नरेंद्र सिंह बिष्ट को गुब्बार तथा योगेश चंद्र को केला चुनाव चिन्ह्न मिला। वार्ड संख्या 7 सूखाताल वार्ड में गजाला कमाल (भाजपा) कमल जबकि निर्दलीय महक को वायुयान तथा राजू वर्मा को कैमरा चुनाव चिन्ह्न मिला। इसी क्रम में वार्ड संख्या आठ अयारपाटा वार्ड में मनोज साह जगाती (भाजपा) को कमल के अलावा निर्दलीय जगदीश सिंह को बाल्टी, मोहित जोशी को गैस का चूल्हा, रेनू सिराला को कांच का गिलास तथा संजय कर्नाटक को गुडिया चुनाव चिन्ह्न मिला। वार्ड संख्या 9 अपर माल वार्ड में निर्दलीय कैलाश सिंह अधिकारी को नारियल, नीरू पूजारी को अल्मारी तथा पूरन सिंह बिष्ट को बाल्टी चुनाव चिन्हन मिला। वार्ड संख्या 10 नैनीताल क्लब में भाजपा के नवीन जोशी को कमल, निर्दलीय आफताब अहमद को ईंट, कमल कुमार जोशी को गैस सिलेंडर, पवन सिंह खड़ायत (संजू) को बंगला, पंकज बेरिया को बल्ला, शदाब हुसैन को केतली,सपना बिष्ट को बाल्टी तथा सौरभ सिंह को अल्मारी मिली।

इसी क्रम में वार्ड संख्या 11 (श्रीकृष्णापुर वार्ड) में निर्दलीय आकाश कुमार को केतली, आसिफ सिकंदर को वायुयान, कविता गंगोला को गैस का चूल्हा, कैलाश सिंह रौतेला को बाल्टी, डी.एन.भट्ट को अल्मारी, मनोज को केला, ममता रावत को नारियल, मानवेंद्र सिंह नयाल को घंटी, विवेक बिष्ट (गुडडू) को ईट, सुरेंद्र कुमार को गैस सिलेंडर,हरीश सिंह बिष्ट को ऊन मिला। इसी क्रम में सैनिक स्कूल (वार्ड संख्या 12) में निर्दलीय अर्चना पाठक को घंटी, मीरा बिष्ट को बंगला, रमा भट्ट को बाल्टी, ललिता दफौटी (लता)को गैस सिलेंडर जबकि सावित्री पवार को केतली चुनाव चिन्हन आवंटित किया गया। इसी तरह वार्ड 13 (आवागढ़) में निर्दलीय अजय सिंह को बाल्टी, मो.फैजल को मोमबत्ती, राकेश पवार को टॉर्च तथा शार्दुल नेगी को गुडिया चुनाव चिन्हन मिला। वार्ड संख्या 14 (मल्लीताल बाजार) में निर्दलीय आशीष साह को बल्ला, गौरव सिंह बिष्ट को मोमबत्ती, मुकेश जोशी बाल्टी, मोहन सिंह नेगी को गैस सिलेंडर,विजय कुमार साह को गुडिया जबकि शैलेश सिंह बिष्ट (शैलू) को कैरम बोट मिला। वार्ड संख्या 15 (तल्लीताल बाजार वार्ड) में भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह बिष्ट को कमल जबकि निर्दलीय प्रत्याशी किरन साह को बस तथा गीता उप्रेती को बाल्टी चुनाव चिन्ह्न आवंटित किया गया।



## सांसद भट्ट व विधायक सरिता ने किया चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सांसद अजय भट्ट तथा विधायक सरिता आर्य ने नगर पालिका नैनीताल चुनाव के लिए शुक्रवार को चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर भाजपा की जीत के लिए काम करने का आह्वान किया कहा कि सभी कार्यकर्ता चुनाव में भाजपा की जीत के लिए कार्य करें। भाजपा चेयरमैन प्रत्याशी की जीत लिए हर कार्यकर्ता घर घर जाकर संपर्क करें। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पद की प्रत्याशी जीवंती भट्ट समेत हेम आर्य गोपाल रावत, आनंद बिष्ट,अरविन्द सिंह पडियार, मोहित आर्य, मनोज जोशी, हरीश राणा, ज्योति, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, विशाल वर्मा,अरुण कुमार, निखिल बिष्ट,रीना मेहरा,गजाला कमाल, विश्वकेतु,भानु पंत,हेम आर्य, किशन पांडे, डा.भुवन चंद्र आर्य, मण्डल प्रभारी दिनेश खुल्बे, चुनाव प्रबंधक कमल नयन जोशी, डॉ. पल्लवी, विक्रम सिंह रावत, मोहन नेगी, विमल बिष्ट डॉली वर्मा, दया किशन पोखरिया समेत अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

## उच्च शिक्षा विभाग ने संगठन के मांग पत्र पर प्रगति हेतु जल्द बैठक आयोजित करने का दिया आश्वासन

**देहरादून/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों से वार्ता की और संगठन के मांग पत्र पर प्रगति हेतु समीक्षा बैठक आयोजित करने की मांग की जिस पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जल्द बैठक आयोजित करने का आश्वासन दिया है।

संगठन के अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत और महामंत्री प्रशांत मेहता ने बताया कि संगठन ने सचिवालय जाकर उच्च शिक्षा के संयुक्त सचिव तथा उच्च शिक्षा सत्य प्रकाश, उप सचिव ब्योमकेश दुबे तथा अनुसचिव दीपक कुमार से मुलाकात करते हुए संगठन के 11 सूत्रीय मांग पत्र पर पूर्व की भाँति समीक्षा बैठक करवाने एवं विभिन्न विश्वविद्यालयों के लंबित प्रकरणों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बैठक रखने का विश्वास दिया गया वहीं संगठन ने सचिव तथा संस्कृत शिक्षा दीपक कुमार से उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के लंबित स्टाफि ंग पैटर्न प्रकरण पर विभागीय बैठक कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया एवं अनुसचिव गीता शरद से विस्तार से चर्चा हुई।

संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने सचिव कृषि मनुज गोयल एवं अनुसचिव कृषि विक्रम चौहान से भरसार विश्वविद्यालय तथा पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रयोगशाला सहायकों के प्रकरण पर सकारात्मक वार्ता की। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत के साथ संरक्षक कुलदीप सिंह, महामंत्री प्रशांत मेहता, पूर्व महामंत्री डॉ. लक्ष्मण सिंह रौतेला तथा संयुक्त मंत्री गणेश सिंह बिष्ट व कुंवर सिंह जलाल शामिल रहे।

## NEWS / फटाफट

### जरूरतमंद मरीजों के लिए किया स्वैच्छिक रक्तदान



**नैनीताल** । समाज के जरूरतमंद मरीजों के लिए नैनीताल में शुक्रवार को कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार मलिक तथा कांस्टेबल शाहिद अली ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। बता दें कि राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की कमी को पूरा करने के लिए लगातार लोग रक्तदान करते हैं जिससे यहां कभी मरीजों को रक्त की कमी नहीं होती। इधर शुक्रवार को जरूरतमंद मरीजों के लिए कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार मलिक और कांस्टेबल शाहिद अली खान ने रक्तदान किया। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने कहा कि वह आगे भी मरीजों के लिए रक्तदान करेंगे। उन्होंने रक्त बैंक प्रभारी से तीन महीने बाद जरूरत पड़ने पर दोबारा उनको सम्पर्क करने की बात कही।

### बाइक की चपेट में आने से राष्ट्रीय खिलाड़ी बहादुर सिंह घायल



**नैनीताल।** नगर में बाइकों की तेज रफ्तार कई लोगों के लिए मुसीबत बन चुकी है। बाइकों की तेज रफ्तार के चलते शहर में मौत होने के बाद भी पुलिस तेज बाइक चलाने वालों की रफ्तार को नियंत्रित नहीं कर पा रही है, जिसके चलते शुक्रवार की सुबह हॉकी के राष्ट्रीय खिलाड़ी बहादुर सिंह रावत (61) भी तेज रफ्तार से बाइक की चपेट में आकर घायल हो गए। उनको अस्पताल में उपचार के बाद छुट्टी दे दी है। जानकारी के अनुसार बहादुर सिंह रावत मल्लीताल से मार्निंग वाक करते हुए मॉलरोड की ओर निकले। वह मल्लीताल स्टेट बैंक के समीप पहुंचे ही थे कि एक बाइक सवार की बाइक तेज रफ्तार में उनके बगल से निकली और वह बाइक की चपेट में आ गए। बाइक की टक्कर से वह सडक़ में गिर गए और उनके सिर और चेहरे पर चोट आ गई। राहगीरों ने उनको तुरंत उनको राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल पहुँचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनको छुट्टी दे दी। दूसरी ओर हादसे में बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। कोतवाली के एसएसआई दीपक सिंह बिष्ट ने बताया कि फिलहाल घायल की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### कुमाऊं विवि पीएचडी के प्रवेश हेतु काउंसलिंग की

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में शुक्रवार को पीएचडी के प्रवेश हेतु काउंसलिंग की गई, पहले दिन 22 विषयों में काउंसलिंग हुई तथा शोधार्थियों ने प्रवेश लिए। इस दौरान निदेशक प्रो. नन्द गोपाल साहू समेत डॉ महेश आर्य,डॉ. मनीषा त्रिपाठी, डॉ मोहन लाल,डॉ अनिता कुमारी,डॉ दीपक कुमार नए शोधार्थियों को आवश्यक जानकारी दी । सभी विभागों के विभागाध्यक्षों ने सहयोग किया । इस दौरान प्रो. संजय पंत, प्रो. ललित तिवारी,प्रो. सूची बिष्ट, रमेश जोशी,दीपक देव, कुंदन तथा जगदीश कपकोटी आदि मौजूद रहे।

### स्कूटी दौड़ाकर रील बनाना पर्यटक को पड़ा महंगा

**नैनीताल** । नैनीताल की मॉल रोड पर शाम को विपरीत दिशा में बार-बार स्कूटी दौड़ाकर रील बनाना पर्यटक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने पर्यटक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्कूटी सीज कर दी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम पुलिस मॉलरोड पर गश्त कर रही थी। इस दौरान एक युवक अपर मॉलरोड पर भीड़ के बीच विपरीत दिशा में बार. बार स्कूटी दौड़ाकर मोबाइल से वीडियो बनवा रहा था। जब पुलिस ने युवक को टोका तो वह पुलिस को सफाई देने लगा। पूछताछ में पता चला कि वह मुरादाबाद से घूमने के लिए नैनीताल आया है। युवक मॉलरोड पर रील बना रहा था। जिस पर पुलिस ने युवक को फटकार लगाते हुए उसकी स्टूटी कब्जे में ले ली। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि गलत दिशा में स्कूटी चलाने पर मुरादाबाद निवासी तन्वीर अंसारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्कूटी को सीज कर दिया है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## चुनाव आयोग 48 घंटे के भीतर लगाये आरोपों पर जवाब दे: हाईकोर्ट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा निकाय व पंचायत चुनाव कराने के लिए 2024 की आरक्षण नियमावली को चुनौती देती अलग- अलग याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने राज्य सरकार सहित राज्य चुनाव आयोग से 48 घंटे के भीतर याचिकाओं में लगाये गए आरोपों पर अपना जवाब प्रस्तुत करने को कहा है, अब मामले की अगली सुनवाई 6 जनवरी (सोमवार) को होगी।

बता दें कि शुक्रवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि निकाय चुनाव में आरक्षण नियमों को ताक पर रखकर तय किया है, जैसे अल्मोड़ा नगर पालिका में आरक्षण जनरल सीट होनी थी वहां रिजर्व कर दी जबकि जहां जहां रिजर्व होनी थी उसे जनरल कर दी। आरक्षण नियमावली के मुताबिक तभी निकायों में आरक्षण दिया जाएगा जब उनकी संख्या 10 हजनर से ऊपर हो यहाँ उसका अनुपालन नहीं किया।

मामले के अनुसार उच्च न्यायालय में इस मामले पर कई याचिकाएं दायर कर कहा है कि राज्य सरकार की ओर से निकायों के अध्यक्ष पदों के लिये जो आरक्षण प्रक्रिया अपनायी गयी वह असवैधानिक और कानूनी प्रावधानों के विपरीत है जबकि राज्य सरकार ने आरक्षण जनसंख्या और रोटेशन के आधार पर सुनिश्चित नहीं किया गया है जबकि सभी नगर पालिकाओं को आधार बनाकर आरक्षण तय किया जाना चाहिए था इसलिए निकायों का फि र से आरक्षण तय हो।

## देहरादून से चलने वाली महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों के लिए टिकटों की बुकिंग शुरू

**देहरादून।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ की शुरूआत हो रही है। इसके लिए देहरादून से प्रयागराज के फाफामऊ स्टेशन तक दो स्पेशल ट्रेनों की शुरूआत की गई है।

देहरादून से चलने वाली महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों के लिए टिकट की बुकिंग शुरू हो गई है। अब श्रद्धालु सभी श्रेणी के कोच के लिए अपने टिकट बुक कर सकेंगे। 04316 नंबर ट्रेन देहरादून से यात्रियों को प्रयागराज लेकर जाएगी और 04315 नंबर ट्रेन प्रयागराज से वापस लेकर आएगी।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ की शुरूआत हो रही है। इसके लिए देहरादून से प्रयागराज के फाफामऊ स्टेशन तक दो स्पेशल ट्रेनों की शुरूआत की गई है। इसमें से एक ट्रेन देहरादून से श्रद्धालुओं को लेकर जाएगी। जबकि दूसरी ट्रेन प्रयागराज से श्रद्धालुओं को वापस देहरादून लेकर आएगी। इस पर देहरादून रेलवे स्टेशन के वाणिज्यिक प्रबंधन निरीक्षक एसके अग्रवाल ने बताया कि ट्रेन सुबह 8ः10 बजे देहरादून से रवाना होगी।

## नगदी व जेवरात लेकर फरार हुई किशोरी अभी तक नहीं मिली

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

**जांच**

- मामले को लेकर सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा
- पुलिस की टीमें विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही

बनभूलपुरा क्षेत्र से नगदी व जेवरात लेकर फरार हुई किशोरी अभी तक नहीं मिल पाई है।

हालांकि मामले में पुलिस किशोरी के संबंध में अहम सुराग हाथ लगने की बात कह रही है। पुलिस का कहना है कि किशोरी को जल्द बरामद कर लिया जाएगा। जबकि परिजनों को अनिष्ट की आशंका सता रही है। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 32, इन्द्रानगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी 14 साल की बेटी एक जनवरी को घर से बिना किसी सूचना के गायब हो गई। परिवार ने हर जगह उसे ढूंढ़ने की कोशिश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। नाबालिग के पास अपना आधार कार्ड, दो-तीन जोड़ी कपड़े, 19 तोले की चांदी की पाजेब, मां के सोने के कुंडल और 10 हजार रुपये नगद थे। इस मामले में पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि लापता लड़की के बारे में कोई नई जानकारी मिल सके। पुलिस की टीमें विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही हैं।

# अभिमत

## बड़ा संकल्प

*अमित शाह ने बड़ा संकल्प लिया है। संविधान के 75 साल के सफर पर बहस के दौरान अमित शाह ने कहा कि जब तक संसद में भाजपा का एक भी सदस्य है, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे। दरअसल आरक्षण की नीति पर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। जातीय आधार पर लागू आरक्षण अन्याय का प्रतीक है। सामान्य वर्ग के साथ भेदभाव हो रहा है। आरक्षित जातियों के लोगों को कम योग्यता पर भी लाभ मिलता है। सामान्य वर्ग का योग्य युवा भटकता रहता है। सामान्य वर्ग के युवा बेरोजगारी के कारण कुंठाग्रस्त हो रहे हैं।*

कांग्रेस और उससे अलग होकर बनी अन्य पार्टियों की नीति करीब-करीब एक जैसी है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की राजनीतिक शाखा भाजपा की कार्यशैली व नीतियां बिल्कुल अलग हैं। येनकेन प्रकारेण सत्ता प्राप्त करना भाजपा का उद्देश्य नहीं है। राष्ट्रवाद मूल ध्येय है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा संकल्प लिया है। संविधान के 75 साल के सफर पर बहस के दौरान अमित शाह ने कहा कि जब तक संसद में भाजपा का एक भी सदस्य है, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे। दरअसल आरक्षण की नीति पर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। जातीय आधार पर लागू आरक्षण अन्याय का प्रतीक है। सामान्य वर्ग के साथ भेदभाव हो रहा है। आरक्षित जातियों के लोगों को कम योग्यता पर भी लाभ मिलता है। सामान्य वर्ग का योग्य युवा भटकता रहता है। सामान्य वर्ग के युवा बेरोजगारी के कारण कुंठाग्रस्त हो रहे हैं। जाति के आधार पर भेदभाव के कारण कुछ जातियां आर्थिक आधार पर पिछड़ी थीं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए संविधान में 10 वर्ष तक आरक्षण लागू किया गया था। आरक्षित जातियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना आरक्षण का उद्देश्य था। कांग्रेस ने आरक्षित जातियों को वोट का जरिया बना लिया और पिछले सात दशक से आरक्षण लागू है। इसके बाद अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण लागू कर दिया गया। कांग्रेस ने मुस्लिमों को वोट बैंक बनाने के लिए दो राज्यों में आरक्षण का लाभ देना शुरू किया। भाजपा धर्म के आधार पर आरक्षण के विरोध में है। जिन राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकार है, वहां मुस्लिमों को आरक्षण नहीं है। वर्तमान में केन्द्र और देश के कई राज्यों में भाजपा सत्तारुढ़ है। राजनीति में कब क्या हो जाये, भविष्य के बारे में सुनिश्चित नहीं है। एक जमाना था कि लोकसभा में भाजपा के मात्र दो सदस्य थे, उस समय अटल बिहारी वाजपेयी पर कांग्रेस ने व्यंग्य किया था। अटल बिहारी वाजपेयी ने जवाब देते हुए कहा था कि भविष्य में दो की जगह दो सौ भी होंगे। अटल बिहारी वाजपेयी की बात सच साबित हुई। हो सकता है भाजपा को फिर कभी विपक्ष में बैठना पड़े, इसी लिए अमित शाह ने कहा कि भाजपा का एक सदस्य होगा तब भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने कई अहम और जोखिमभरे फैसले किये हैं, यदि सम्पूर्ण समाज के हित में जाति आधारित आरक्षण समाप्त कर आर्थिक आधार पर कमजोर वर्ग के सभी जातियों के लोगों के लिए आरक्षण की नीति लागू करने की चुनौती स्वीकार करें तो समाज में सद्भाव उत्पन्न होगा।

# 182वें दिन भी जारी पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन शुक्रवार को 182वें दिन भी जारी रहा।

इस दौरान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में नवनिर्वाचित जनपदीय पदाधिकारियों ने लंदन फ र्ट परिसर में वृहद स्तर पर विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। गुरुरानी ने कहा कि शुक्रवार को जनपद के गंगोलीहाट पाताल भुवनेश्वर, चौकड़ी, थल, मुनस्यारी, बिर्थी, डीडीहाट तथा धारचूला, कनालीछीना, झूलाघाट तथा पिथौरागढ़ शहर के पर्यटक आवास गृह गैस एजेंसी निर्माण इकाई सहित निगम की विभिन्न इकाइयों से कर्मचारी लंदन फोर्ट परिसर में पौधे रोपे। बाद में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कहा कि महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला तथा उपाध्यक्ष गौतम कुमार के देखरेख में चुनाव संपन्न हुए। जिसमें सर्व समिति से साहसिक पर्यटन पिथौरागढ़ के वेद प्रकाश भट्ट को अध्यक्ष, पर्यटक आवास गृह डीडीहाट के बलवंत सिंह रावल को महामंत्री व गैस एजेंसी तिलढुकरी के त्रिभुवन पुनेठा को कोषाध्यक्ष बनाया गया वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष गैस सर्विस झूलाघाट के खीम सिंह तथा निर्माण शाखा के अवर अभियंता गिरीश भट्ट बनाए गए। उपाध्यक्ष गैस सर्विस मुनस्यारी के जोहरी राम तथा पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के सौरव खोलिया गैस सर्विस धारचूला के दीपक बिष्ट बनाए गए।

संगठन मंत्री साहसिक पर्यटन पिथौरागढ़ के पदम सिंह, गैस सर्विस कनालीछीना के संजय ओझा बनाए गए । प्रचारमंत्री पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के नरेंद्र थापा व गैस सर्विस धारचूला के योगेश धामी बनाए गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ ली व विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में देवेंद्र नेगी, दीपक रावल, हंसी बिष्ट, शंकर लाल, दिवाकर ठकुराठी, नीरज, रचना, हर सिंह, शेर सिंह, महेश कुमार तथा राजेंद्र सिंह व देवेंद्र बिष्ट सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

### आप के जिलाध्यक्ष और महामंत्री ने थामा कांग्रेस का दामन

**अल्मोड़ा।** निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी को झटका लगा है। आप के जिलाध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट और जिला महामंत्री लक्ष्मी दत्त शर्मा समेत आठ आप नेताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। विधायक मनोज तिवारी ने प्रेसवार्ता कर उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। निकाय चुनाव में पाला बदलने का सिलसिला शुरू हो चुका है। आप नेताओं ने भी मौका देखकर पलटी मार ली।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म अब्दुल अली एण्ड ब्रॉस नाम से उपनिबन्धक कार्यालय हल्द्वानी में पंजीकृत थी, जिसका नाम आज दिनांक- 29.12.2024 को परिवर्तन कर नया नाम अब्दुल अली एण्ड ब्रदर्स कर दिया गया है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति उप निबंधक कार्यालय में दर्ज करा सकता है।-**भागीदार**

# मेयर प्रत्याशी मनोज आर्य ने ओजस्वी और मनोरंजक शैली से लोगों का ध्यान खींचा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



मेयर सीट के लिए दस प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें एक नाम मनोज आर्य का है। मनोज पेशे से पत्रकार हैं और चुनावी मैदान में पब्लिक का उन्होंने जबरदस्त ध्यान आकर्षित किया है। मनोज की ओजस्वी और मनोरंजक शैली से लोगों का ध्यान खींच रही है।

मनोज के पास चुनाव के लिए भले ही कोई संसाधन न हों लेकिन जिस अंदाज़ के साथ वो ताल ठोक रहे हैं उसने चर्चा बटोरी हुई है। शहर के स्थापित पत्रकारों में मनोज आर्य का नाम शुमार है। अचानक से वो मेयर के चुनाव में कूद गए और अब अपने अंदाज़ के चलते चर्चा में हैं। शुक्रवार को उन्होने अनूठे अंदाज़ का प्रदर्शन किया और कालाढूंगी चौराहा के पास मंदिर के सामने न सिर्फ लोगों से अपने लिए वोट मांगे बल्कि आर्थिक सहायता के लिए हाथ में थाली लेकर खड़े हो गए और हर आते-जाते व्यक्ति तथा महिलाओं से मदद मांगने लगे। मनोज का नारा है कि 'नेता नहीं मैं बेटा हूं', साथ निभाउंगा रोज़, नाम है मेरा मनोज, झूठ न मक्कारी अब जनता की बारी। मनोज ने शहर के तमाम मुद्दों तथा जनसमस्याओं को दुरुस्त करने का दम्भ भरा है। बहरहाल मनोज भले ही आज की परिस्थिति में किसी भी प्रत्याशी को टक्कर नहीं दे रहे हों लेकिन उनके बारे में यह बात तो कही जा सकती है कि यह सब करने के लिए जिगर चाहिए। भीड़ में थाली लेकर भीख मांगना और बेबाक अंदाज़ में अपनी बात रखना, बिना किसी झिझक और शर्म के आसान नहीं होता, वो भी एक स्थापित पत्रकार के लिए। इस अनूठी रणनीति ने हल्द्वानीवासियों का ध्यान आकर्षित किया और सोशल मीडिया पर भी उनकी चर्चा होने लगी। मनोज ने अपने चुनावी प्रचार में शहर के विभिन्न मुद्दों और जनसमस्याओं को प्रमुखता दी। उन्होंने बगैर किसी संकोच के शहर के हर कोने में मौजूद समस्याओं का जिक्र किया और इनका समाधान देने का वादा किया। उनका कहना है कि शहर को एक सशक्त नेतृत्व की जरूरत है, जो जनता के मुद्दों को समझे और उनका समाधान करे। उनके अनुसार, शहर की सफाई व्यवस्था, ट्रैफिक जाम, और जलनिकासी जैसी समस्याएं हल करने के लिए एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है। हल्द्वानी में उनके चुनावी प्रचार का तरीका कुछ हद तक बिना किसी भय और संकोच के अपनी बात रखने का प्रतीक बन चुका है, जो विशेष रूप से एक स्थापित पत्रकार के लिए किसी साहसिक कदम से कम नहीं।

## फिल्मी दुनिया

# ये जवानी है दीवानी' ने 11 साल बाद फिर मचाई धूम




*ये जवानी है दीवानी' ने 11 साल बाद री-रिलीज पर एक बार फिर से धमाल मचा दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पहले दिन बुक माय शो पर फिल्म के 75,000 टिकट बिके। रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म ये जवानी है दीवानी को बॉलीवुड की सबसे शानदार फिल्मों में से एक है। इस फिल्म ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। आज भी यह दर्शकों के बीच उतनी ही लोकप्रिय है जितनी कि रिलीज के समय थी। आयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2013 में जब यह रिलीज हुई थी तो बॉक्स ऑफिस पर यह एक बड़े हिट के रूप में सामने आई थी। फिल्म ने भारत में 188.57 रुपये का नेट कलेक्शन किया था, जो उस समय के हिसाब से यह एक बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म थी। अब 11 साल बाद ये जवानी है दीवानी ने एक बार फिर से बड़े पर्दे पर वापसी की है। री-रिलीज के बाद इस फिल्म ने दोबारा बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। इस फिल्म ने टिकट खिड़की पर एक बार फिर से शानदार शुरुआत की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुक माय शो पर फिल्म के लगभग 75,000 टिकट्स बिके। इसके अलावा शुरुआती अनुमान के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन करीब एक करोड़ 25 लाख रुपये का नेट कलेक्शन किया। यह आंकड़ा इस बात का संकेत है कि फिल्म की लोकप्रियता आज भी वैसी ही बनी हुई है। इसका खास असर दर्शकों पर 11 वर्षों के बाद भी देखने को मिल रहा है।*

### वीकएंड पर फिल्म के लिए एडवांस बुकिंग भी मजबूत

*अगर हम वीकएंड की बात करें तो फिल्म के लिए एडवांस बुकिंग भी मजबूत दिखाई दे रही है। उम्मीद की जा रही है कि 'ये जवानी है दीवानी' पहले सप्ताहांत के दौरान करीब छह करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर सकती है। किसी भी री-रिलीज फिल्म के लिए यह एक शानदार आंकड़ा है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के तहत बनी 'ये जवानी है दीवानी' में रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण के अलावा आदित्य रॉय कपूर, कल्की केकलां, और कुणाल रॉय कपूर भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आए थे।*

# आबकारी विभाग नैनीताल की संयुक्त टीम ने वन क्षेत्र में दी दबिश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी नैनीताल व जिला आबकारी अधिकारी नैनीताल के दिशा निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार को आबकारी विभाग नैनीताल की संयुक्त टीम द्वारा नैनीताल के बेतालघाट क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में दबिश दी गयी।

दबिश के दौरान अभियुक्त पवन के वहां गुप्त रूप से खरीददार बनकर मदिरा मांगी गयी, देशी मदिरा की बोतल को अभियुक्त द्वारा 400 रु में बेचा गया, जिस पर पवन सिंह की दुकान की तलाशी ली गयी और कुल 16 बोतल बरामद की गयी और अवैध मदिरा की बिक्री करने पर अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अन्तर्गत कार्यवाही कर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

इसी क्रम में आबकारी विभाग की टीम हल्द्वानी द्वारा जिला आबकारी अधिकारी नैनीताल के साथ मिलकर हल्द्वानी क्षेत्र के अन्तर्गत मदिरा दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया और सभी मदिरा विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिये गये कि किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर आबकारी अधिनियम की धारा-64 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही टीम द्वारा सायं बागजालाए गौलापार व कुंवरपुर क्षेत्र के संदिग्ध स्थानों में दबिश दी गयी।

इसके अतिरिक्त आबकारी टीम रामनगर द्वारा धारी क्षेत्र में दबिश की कार्यवाही की गयीए तत्पश्चात् कोटाबाग तथा बैलपड़ाव व पीरूमदारा क्षेत्र की मदिरा दुकानों का भी निरीक्षण किया। टीम में आबकारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह बिष्ट तथा धीरेन्द्र सिंह बिष्ट व उमेश पाल,उप आबकारी निरीक्षक गणेश राणाए कैलाश चन्द्र जोशी,प्रधान आबकारी सिपाही चन्द्रशेखर काण्डपाल व आबकारी तथा सिपाही मालती शामिल रही।

News कॉर्नर

### कुमाऊं विवि व एचआरटी टीम के बीच रोमांचक मुकाबला

**नैनीताल।** नगर में शुक्रवार को 29वें इंटर ऑफिसियल क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय और एचआरटी टीम के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस मैच में कुमाऊं विश्वविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 29 रनों से जीत दर्ज की। बता दें कुमाऊं विश्वविद्यालय की जीत में अलंकार महतोलिया का योगदान बेहद खास रहा। उन्होंने 63 गेंदों में शानदार 94 रन बनाए जिसमें 11 चौके और 2 छक्के शामिल थे, उनकी इस पारी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया और जीत को सुनिश्चित किया। अब कुमाऊं विश्वविद्यालय का अगला मुकाबला 7 जनवरी (मंगलवार) को नगरपालिका की टीम के साथ होगा। प्रशंसकों को इस रोमांचक मैच का बेसब्री से इंतजार है।

### भीमताल मार्ग पर हुए हादसे की जांच हेतु अधिकारी नामित

**नैनीताल।** संयुक्त मजिस्ट्रेट नैनीताल वरूणा अग्रवाल ने बताया की 25 दिसंबर 2024 (शनिवार) को उपमंडल नैनीताल अन्तर्गत भीमताल हल्द्वानी मोटरमार्ग पर सलड़ी के तोक आमडाली में उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बस संख्या यूके-07पीए-2822 के अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। बस के दुर्घटनाग्रस्त होने पर 21 व्यक्ति घायल तथा 04 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। इस घटना की जाँच हेतु जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल ने संयुक्त मजिस्ट्रेट को जाँच अधिकारी नामित किया गया है।


बताया कि उक्त वाहन दुर्घटना के कारणों के सम्बन्ध में जानकारी रखने वाले सम्बद्ध/ असम्बद्ध या अन्य व्यक्तियों से अपेक्षा की जाती है कि वह 15 दिन के अन्दर अपना लिखित बयान/अभिकथन अथवा मौखिक रूप एवं उक्त के सम्बन्ध में कोई साक्ष्य हों तो किसी भी कार्य दिवस में संयुक्त मजिस्ट्रेट नैनीताल कार्यालय/न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# पिथौरागढ़ की चार ग्लेशियर झीलों का होगा सर्वे, अर्ली वार्निंग सिस्टम की दिशा में कार्य

देहरादून

हमारे संवाददाता

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास की अध्यक्षता में बैठक में हुई। जिसमें बताया गया कि ग्लेशियर झीलों के अध्ययन के लिए कई वैज्ञानिक संस्थानों को जो भी सहयोग की जरूरत होगी, वह यूएसडीएमए उपलब्ध कराएगा। इस साल राज्य में पिथौरागढ़ जिले में स्थित श्रेणी-ए की चार झीलों का सर्वे-2025 में करने का लक्ष्य तय किया गया। अभी तक राज्य में चिह्नित 13 ग्लेशियर झील में एक का सर्वे का काम हो चुका है। यह निर्णय सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई बैठक में लिया गया। सुमन ने कहा, राज्य में चिह्नित ग्लेशियर झीलें में पांच श्रेणी-ए में हैं। पिछले साल एक दल ने चमोली जिले के धौली गंगा बेसिन स्थित वसुधारा झील का सर्वे कर लिया है। अब पिथौरागढ़ जिले में स्थित श्रेणी-ए की शेष चार झीलों का सर्वे-2025 में करने का लक्ष्य तय किया गया है। कहा, ग्लेशियर झीलों की निगरानी के लिए कई संस्थानों के साथ मिलकर एक फूलफ्रूफ सिस्टम विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। ग्लेशियर झीलों के अध्ययन के लिए कई वैज्ञानिक संस्थानों को जो भी सहयोग की जरूरत होगी, वह यूएसडीएमए उपलब्ध कराएगा।



विनोद कुमार सुमन ने कहा, यूएसडीएमए कई वैज्ञानिक संस्थानों को एक मंच पर लाना चाहता है, ताकि ग्लेशियर झीलों पर व्यापक अध्ययन किया जा सके। ग्लेशियर झीलों के सर्वे के लिए वाटर लेवल सेंसर, ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन, थर्मल इमेजिंग आदि अन्य आवश्यक उपकरणों को स्थापित किया जाएगा। वाडिया हिमालयन भूविज्ञान संस्थान के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. डीपी डोभाल ने कहा, ग्लेशियर झीलों के स्वरूप व प्रकृति का अध्ययन करना जरूरी है। बैठक में वैज्ञानिकों ने इस बात पर जोर दिया कि इन झीलों में सेडिमेंट डिपॉजिट कितना है, इसका भी अध्ययन जरूरी है। बैठक में आईजी एसडीआरएफ रिद्धिम अग्रवाल, वित्त नियंत्रक अभिषेक आनंद आदि मौजूद थे। यूएसडीएमए के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप ने कहा, प्रथम चरण में ग्लेशियर झील की गहराई, चौड़ाई, जल निकासी मार्ग तथा आयतन का अध्ययन जा रहा है। इसके बाद अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। साथ ही ऐसे यंत्र भी स्थापित किए जाएंगे, जिससे पता चल सके कि ग्लेशियर झीलों के स्वरूप में क्या-क्या बदलाव आ रहा है। एनडीएमए ने राज्य में 13 ग्लेशियर झीलें चिह्नित की हैं। इनमें बागेश्वर में एक, चमोली में चार, पिथौरागढ़ में छह, टिहरी में एक और उत्तरकाशी जिले में एक ग्लेशियर झील है। इनमें से पांच झीलें ए-श्रेणी की हैं। सर्वप्रथम ए-श्रेणी की झीलों का अध्ययन किया जाएगा और उसके बाद बी तथा सी श्रेणी की झीलों का सर्वे होगा।

# हल्द्वानी में व्यक्ति ऑनलाइन 4.50 लाख की ठगी की

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी में एक व्यक्ति ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हुआ है। ठगों ने उससे 4.50 लाख की ठगी कर ली। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिस को सौंपी तहरीर में गौजाजाली उत्तर दुर्गा कालोनी बरेली रोड निवासी प्रेमपाल ने कहा है कि उसने 8 अप्रैल को जीवन साथी कस्टमर केयर से संपर्क किया और उनके द्वारा दिए गए व्हाट्सएप नंबर पर जानकारी साझा की। इसके बाद 10 अप्रैल को प्रेमपाल के बैंक खाते से दो बार बड़ी राशियों की निकासी हो गई। पहली बार 4 लाख रुपये और दूसरी बार 56,000 रुपये की राशि की निकासी के मैसेज प्रेमपाल को प्राप्त हुए। पीड़ित ने इस घटना के बाद 12 अप्रैल को साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बावजूद, इस मामले में अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है, जिससे पीड़ित की चिंता और बढ़ गई है। प्रेमपाल ने थाना प्रभारी से शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की मांग की है।



# जिलाधिकारी वंदना ने 38 वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों का जायजा लिया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य में होने जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हल्द्वानी में भी आयोजित हो रही है, जिस हेतु विभिन्न आवश्यक तैयारियां यहां गतिमान है।

इन्हीं तैयारियां को लेकर जिलाधिकारी वंदना ने मिनी स्टेडियम हल्द्वानी में 38 वें राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयार किए जा रहे फुटबाल मैदान का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने तैयारियां के सम्बन्ध में अधिकारियों से कहा सभी व्यवस्थायें समय से पूर्व कर लिए जाय। उन्होंने कहा मैदान में जो घास लगाई गई है उसमें एक ट्रायल मैच भी तुरंत करा लिया जाए ताकि जो कमी है उसे समय रहते पूर्ण कर लिया जा सके। उन्होंने कहा मैच के दौरान निर्बाध विद्युत व्यवस्था के साथ ही चिकित्सा व्यवस्था, अग्निशमन, पेयजल, शौचालय, पुलिस सुरक्षा आदि सभी व्यवस्थायें समय से पूर्ण हो इस हेतु संबंधित व्यवस्थाओं के नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि कार्य समय पर पूर्ण हों। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी शिव चरण द्विवेदी,नगर आयुक्त ऋचा सिंह सहित खेल तथा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# साका पंजा साहिब की झांकी को देख भावुक हुए लोग

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह की जयंती पर प्रकाश पर्व के अवसर पर निकल गए भव्य नगर कीर्तन में अकाल पुरख की फौज द्वारा ट्रक के ऊपर साका पंजा साहिब की झांकी को दर्शाया गया।

जिसमें अक्टूबर 1922 में अमृतसर से अटक (पाकिस्तान) के लिए सिख कैदियों को ले जा रही ट्रेन को रोकने के लिए, अंग्रेज रेलवे अधिकारी सहमत नहीं हुए थे, जिसमें सिख समुदाय के लोग पंजा साहिब से सिख कैदियों को लंगर परोसने चाहते थे, इस विरोध में भाई प्रताप सिंह और भाई करम सिंह के नेतृत्व में सिख रेल की पटरियों पर लेट गए, जब ट्रेन नजदीक आई तो सिख प्रदर्शनकारियों ने रेलगाड़ी को रोकने की कोशिश की, ट्रेन नहीं रुकी एवं कई प्रदर्शनकारियों को शहीद कर दिया गया। कुछ दूर पर जाकर ट्रेन अपने आप रुक गई, भाई करम सिंह और भाई प्रताप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और अगले दिन उनका भी निधन हो गया, इन दोनों सिक्खों को साका पंजा साहिब के शहीदों के रूप में याद किया जाता है। साथ ही टीम अकाल पुरख की फौज द्वारा शिक्षा लंगर लगाया गया, जिसमें संस्था द्वारा सभी छोटे बच्चों को कॉपियां, पेंसिल, पेन, स्केल, कलर पेन, स्केच पेन, कलर बुक, आदि बांटे गए।

टीम द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी साहिब के आगे फूलों की बरखा की सेवा भी की गई। सेवा में गगन पाल स्याली, मानु स्याली, गुरप्रीत सेठी, अमरजोत सेठी, विप्पी चंडोक, अमन गांधी, प्रिंस गुजराल, हेमी वीर जी, नवनीत सिंह, सरबजीत सेठी, गुरदीप सिंह, प्रिंस सिंह, सन्नी सेठी, तरनप्रीत सिंह, मोहित सड़ाना, अवनीश राजपाल, आदि ने योगदान दिया।



### निधन पर शोक सभा

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के वनस्पति विज्ञान विभाग में शुक्रवार को विभाग की पूर्व शोध छात्रा डॉ. नेहा चोपड़ा (30) के निधन पर शोक सभा की गई। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक डॉ. नेहा चोपड़ा ने वर्ष 2022 में पीएचडी पूर्ण की थी। उनका निधन दिल्ली में हुआ। शोक सभा में विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत प्रो. एस एस बरगली,डॉ हर्ष चौहान, डॉ हिमानी कार्की तथा डा. नवीन पांडे तथा जगदीश चंद्र पपने ,नवल बिनवाल, लता, विशाल,आनंद,अदिति सहित कई शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आगजनी करने के आरोपी की जमानत खारिज

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल सुबीर कुमार की अदालत ने शुक्रवार को राजकीय इण्टर कॉलेज धनियाकोट( बेतालघाट) में आगजनी करने के आरोपी की जमानत खारिज कर दी। अभियोजन के अनुसार 28 नवम्बर 2024 को थाना भवाली में शशि प्रकाश यादव पुत्र राम नाथ यादव प्रधानाचार्य धनियाकोट (बेतालघाट) ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि रात्रि में तल्लाकोट निवासी दीपक जलाल पुत्र पूरन सिंह जलाल ने विद्यालय की भोजन माता से झगड़ा किया और विद्यालय व उसके घर में आगजनी की धमकी दी और रात्रि में उसने सीसीटीवी कैमरे में तोड़ फोड़ की और विद्यालय का कीमती सामान जला दिया। भोजन माता ने उक्त धमकी का ऑडियो क्लिप भी उपलब्ध करायी गयी। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सुशील कुमार शर्मा ने जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध करते हुए तर्क रखा कि आरोपी द्वारा जब स्कूल में आग लगायी गयी तो उसकी वीडियो भी अपने मोबाइल से बनायी जो अभियुक्त की जमा तलाशी पर बरामद हुआ है। 27 नवम्बर को जब आरोपी को बेतालघाट पुलिस ने पकड़ा तो उसके पास से एक अवैध तमंचा 12 बोर बरामद हुआ। इन तथ्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।



# कांग्रेस प्रत्याशी ललित के कार्यालय का शुभारम्भ

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम निर्वाचन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी श ललित जोशी जी के मुख्य चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ सौभाग्यवती बैंकट हॉल तल्ली बमौरी, मुखानी रोड में पूजा अर्चना के साथ हुआ।

मेयर प्रत्याशी ललित जोशी ने कहाँ कि उन्हें पुरे नगर निगम क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद मिल रहा है और वह जनता के आशीर्वाद से चुनाव जीतकर हल्द्वानी नगर निगम को आदर्श निगम बनाने का काम करेंगे। जोशी ने कहाँ कि उन्हें सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओ का समर्थन मिल रहा है और पुरा कांग्रेस संगठन एकजुट होकर चुनाव में जुटी है। इस मौके पर यशपाल आर्या नेता प्रतिपक्ष, गोविन्द सिंह कुंजवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, जिला प्रभारी, सुमित हृदयेश विधायक हल्द्वानी, राहुल छिमवाल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, नैनीताल, एड0 गोविन्द सिंह बिष्ट, अध्यक्ष महानगर कांग्रेस, हल्द्वानी की गरिमामयी उपस्थिति रहीं।



### क्वारब में पहाड़ी के बीच से हटाया जा रहा मलबा

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्वारब में पहाड़ी के दरकने की वजह से ठप यातायात शुक्रवार को भी सुचारु नहीं हो पाया। अभी तक प्रशासन की एजेंसियां सड़क की ओर से ही मलबा हटा रही थीं लेकिन अब दिशा बदल दी गई है। मशीनों को मलबा हटाने के लिए पहाड़ के बीच में भेजा गया है। मौके पर दो जेसीबी और दो पोकलेन तैनात हैं। उम्मीद है कि मलबा साफ होते ही रास्ता खोल दिया जाएगा। पिछले आठ दिन से क्वारब में यातायात पूरी तरह बंद है। कई प्रयास के बाद भी प्रशासन को रास्ता खोलने में सफलता नहीं मिल पाई है। राष्ट्रीय राजमार्ग खंड के ईई महेंद्र कुमार ने बताया कि अब पहाड़ी के बीच से मलबे को हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। दो दिन में काफी हद तक मलबा हटा दिया गया है।